आकाशवाणी

क्षेत्रीय समाचार

देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 31.08.2025

समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा किए। कहा– देश को वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश के आपदा प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी।
- चमोली के सीमांत क्षेत्र को जोड़ने वाले ज्योतिर्मठ–मलारी मार्ग पर पुल बहने से आवाजाही अवरूद्ध।
- मौसम विज्ञान केंद्र ने देहरादून समेत आठ जिलों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि देश को स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने यानी वोकल फॉर लोकल, आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के मंत्र के साथ आगे बढ़ना होगा। आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि त्योहारी मौसम के दौरान देशवासियों को स्वदेशी को ध्यान में रखना चाहिए।

प्रधानमंत्री ने मानसून सत्र में आई प्राकृतिक आपदाओं का जिक्र करते हुए कहा किं प्राकृतिक आपदाएं देश के लिए परीक्षा की घड़ी होती हैं। पिछले कुछ हफ़्तों के दौरान देश में बाढ़ और भू–स्खलन से बड़े पैमाने पर विनाश हुआ है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सौर ऊर्जा आज एक ऐसा विषय है, जिसमें पूरी दुनिया अपना भविष्य देख रही है और भारत के लिए तो सूर्य देव सदियों से उपासना ही नहीं, जीवन पद्धति के भी केंद्र में रह रहे है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व और निगरानी में प्रदेश में आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है। भारी बारिश व मलबा आने से प्रदेश में कुल 1827 स्थानों पर सड़कें बाधित हुई थीं। इनमें से 1747 सड़कों को खोला जा चुका है, जबकि 80 सड़कों पर कार्यवाही गतिमान है। मलबे और भूस्खलन से बंद हुईं अब तक 95.62 प्रतिशत सड़कों पर यातायात बहाल किया जा चुका है। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए थे कि सड़क बंद होने की स्थिति में तत्काल कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जाए। परिणामस्वरूप प्रभावित क्षेत्रों में सड़कें तेज़ी से खोली जा रही हैं और लोगों को राहत मिल रही है। गौर हो कि इस वर्ष प्रदेश में पिछले कई वर्षों की तुलना में अधिक बारिश हो रही है। जिसको देखते हुए मुख्यमंत्री स्वयं लगातार आपदा प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण कर रहे हैं और राहत व बचाव कार्यों की नियमित समीक्षा कर रहे हैं। श्री धामी ने कहा कि प्रदेशवासियों की सुरक्षा और सुविधा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आपदा प्रभावित क्षेत्रों में किसी भी तरह की दिक्कत न हो, इसके लिए सड़क, बिजली, पानी और आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बहाल करने की निरंतर निगरानी की जा रही है। सभी विभाग समन्वय बनाकर त्वरित राहत व बचाव कार्य कर रहे हैं।

## रिजर्व बैंक

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि भारत जल्द ही दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। उन्होंने देश के विकास में तेजी के लिए प्रधानमंत्री जन धन योजना को श्रेय दिया। इंदौर में श्री मल्होत्रा ने कहा कि देश की विकास यात्रा में सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए इस योजना के अंतर्गत 55 करोड़ खाते खोले गए। जन–धन योजना के माध्यम से भारत सरकार का रिजर्व बैंक का सभी बैंकों का यह प्रयास है कि जिस प्रकार से देश की प्रगति हो रही है वह एक इनक्लूसिव विकास हो उसमें सभी का विकास हो।

## चमोली पुल

चमोली के सीमांत क्षेत्र को जोड़ने वाले ज्योतिर्मठ–मलारी मार्ग पर तमक नाला पर बना पुल बहने से मार्ग पूरी तरह अवरूद्ध हो गया है। सीमा सड़क संगठन मार्ग पर आवाजाही शुरू करने में जुटा है।

चमोली जिले में देर रात से बारिश जारी है। बारिश के चलते जोशीमठ नीति घाटी को जोड़ने वाला सड़क तमक नाले के पास पुल बहने से पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है सामरिक दृष्टिकोण से यह सडक बेहद ही महत्वपूर्ण है, क्षेत्र में रहने वाले छह से अधिक गांवों का संपर्क पूरी तरह से टूट गया है। प्रशासन का कहना है कि सड़क को सुचारु करने के लिए भी बीआरओ को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

## जलवायु परिवर्तन

जलवायु परिवर्तन पर कृषि की भूमिका व ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन कम करने को लेकर जलागम विभाग में दो–दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। उत्तराखंड जलवायु अनुकूल बारानी कृषि परियोजना के अंतर्गत आयोजित इस कार्यशाला में धान की खेती में ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन कम करने के विभिन्न तरीकों पर चर्चा की गई। समापन सत्र में राज्य स्तरीय जलागम परिषद के उपाध्यक्ष शंकर कोरंगा ने जलागम विभाग और किसानों के बीच सामंजस्य से काम करने की बात कही। उन्होंने कहा कि बेहतर सामंजस्य से परियोजना का वास्तविक लाभ किसानों तक पहुंचेगा। इस अवसर पर जलागम सचिव व मुख्य परियोजना निदेशक दिलीप जावलकर ने कहा कि ग्रीन हाउस गैस एक विकराल समस्या के रूप में हमारे सामने है। इसे देखते हुए कृषि के तरीकों में भी बदलाव आवश्यक हो गया है। केन्द्रीय चावल अनुसंधान संस्थान, कटक से आए वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. अंजनी कुमार ने धान की पारम्परिक खेती के अन्य वैकल्पिक तरीकों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार धान की सीधी बुआई व कम पानी से अधिक धान की उपज जैसी तकनीकों पर अधिक जोर दे रही है।

## उत्तराखंड लोक सेवा आयोग

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (युकेपीएससी) ने सब इंस्पेक्टर (नागरिक पुलिस, अभिसूचना एवं पीएसी/आईआरबी) भर्ती परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया। यह भर्ती पिछले वर्ष निकाली गई थी, जबकि लिखित परीक्षा इस साल जनवरी में आयोजित की गई थी। शारीरिक दक्षता परीक्षा और लिखित परीक्षा के बाद आयोग की ओर से जारी किए गए अंतिम परिणाम की सूची में नागरिक पुलिस कैटेगरी में अब्दुल कादिर ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर टॉप किया है वहीं, अभी सूचना वर्ग में नवीन चंद्र जोशी अव्वल रहे जबकि प्लाटून कमांडर में विजय भट्ट पहले स्थान पर रहे। आयोग ने परिणाम अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड कर दिए हैं, जहां से अभ्यर्थी डाउनलोड कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

मौसम

प्रदेशभर में बारिश का कम जारी है। लगातार मूसलाधार बारिश से आमजन जीवन पर भारी असर पड़ा है।

मौसम विज्ञान केंद्र देहरादून ने आज देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चंपावत व ऊधमसिंहनगर में बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। अलकनंदा, गंगा, यमुना, सरयू, गोमती, पिंडर, काली नदी के तटों पर रह रहे लोगों को चेतावनी जारी की गई है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जिलों को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश दिए हैं।

चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर जिले में आपदा प्रभावित स्थानों पर तलाशी एवं बचाव का कार्य जारी है। रुक–रुक कर बारिश खोज एवं बचाव में बांधा उत्पन्न कर रही है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर स्थानीय प्रशासन राहत, खोज एवं बचाव कार्य में जुटा है।

उत्तरकाशी गंगोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग और यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग जगह जगह मलबा व बोल्डर आने से अवरूद्ध चल रहा है। बीआरओ मार्ग सुचारू करने में जुटा है।

मानसून सीजन

मानसून सीजन में डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए ऋषिकेश नगर निगम ने तैयारियां तेज कर ली हैं। नगर निगम में इस संबंध में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें मेडिकल, सीवर, जल संस्थान, वन विभाग से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मेयर शंभू पासवान ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि शहर में पानी जमा होने वाले इलाकों की तुरंत पहचान कर वहां छिड़काव और फॉगिंग की जाए। साथ ही संवेदनशील इलाकों में लगातार निरीक्षण जारी रखने को भी कहा गया है। जल्द ही लोगों को साफ–सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए भी अभियान चलाया जाएगा। नगर आयुक्त गोपालराम बिनवाल का कहना है कि डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियाँ फिलहाल कंट्रोल में हैं, लेकिन नगर निगम पूरी तरह से सतर्क है।